कोविड -19 रोकथाम
आपकी भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ

रोकथाम में एसएचजी की भूमिका

कोविड-19 संकट के संदर्भ में, एसएचजी निम्नानुसार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं :

- कोविड -19 पर सही और तथ्यात्मक जानकारी साझा करें
- वायरस के फैलने से रोकने के लिए उनके गाँव के समुदाय के सदस्यों द्वारा व्यवहार में लाए जाने वाले प्रमुख व्यवहारों को बढ़ावा देना (हाथों को साफ़ सुथरे ढंग से धोना, श्वसन स्वच्छता, सामुहिक दूरी और घर पर रहना)
- किसी भी पॉजिटिव मामले और / या कांटेक्ट के मामले में रोकथाम के लिए तैयारियों में स्थानीय अधिकारियों की सहायता करना और आशंकित मामलों की रिपोर्ट करना/ सूचित करना
- घबराहट को कम करना और जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देना
- महिलाओं और बच्चों के लिए उपलब्ध सेवाओं को बढ़ावा देना
- स्कूलों के बंद रहने के दौरान घर पर अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए माता-पिता को शिक्षित करना (शिक्षा, पोषण, मनोसामाजिक समर्थन)
- गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर परिवारों को शिक्षित करना

संवाद क्या करना है?

सामुहिक दूरी के महत्व को स्पष्ट करना: लोगों के बीच संसर्ग के प्रसार को सीमित करने के लिए सबसे प्रभावी रणनीतियों में एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य के बीच संपर्क कम करना है। कृपया हर समय सामाजिक दूरी और हाथों की स्वच्छता को बढ़ावा देते रहें।

भयमुक्त रहें: सरकार अपने लोगों की ओर से उठाए जा रहे कदमों की रूपरेखा तैयार करती है। कोविड-19 के प्रसार को रोकने या नियंत्रित करने के लिए निवारक कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से सरकार व्यक्त करती है और सूचित करती है ।

ऐसे सुरक्षा कदमों को बढ़ावा देते रहें जिनका अनुपालन लोग कर सकें: पोस्टर, सामाजिक मीडिया पोस्टिंग, पत्रक, पूछे जाने वाले प्रश्न आदि का उपयोग निवारक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए करना जिनका अनुपालन लोग आसानी से कर सकते हैं (स्वच्छता और परिहार)। लोगों को बताएं कि कब मास्क पहनना है, कब टेस्ट करवाना है, कहां टेस्ट करवाना है और यदि उन्हें मदद या जानकारी चाहिए तो किसे फोन करना है ।

समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करें: सेवाओं, यात्रा, आपूर्ति श्रृंखला, व्यवसाय, राजस्व आदि पर प्रकोप के संभावित प्रभाव को स्पष्ट करें, ताकि लोग तदनुसार योजना बना सकें।

तथ्यों को बताएं: सरकार, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और एनसीडीसी से लोगों को समय पर, सटीक जानकारी के लिए जोड़ें। किसी को यदि कोविड -19 होने का संदेह है तो क्या करना है, इसके बारे में स्पष्ट निर्देश प्रदान करें। कोविड -19 कैसे फैलता है और संक्रमण से कैसे बचा जाए, इस पर आधिकारिक स्रोतों के आधार पर तथ्यों के बारे में बताएं।

संवाद कैसे करें?

सोशल मीडिया का उपयोग करें

जब कभी आप फर्जी या झूठी ख़बर देखें, तो कृपया उसी समय उसका विरोध करें।

केवल अधिकृत, विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त जानकारी को साझा करें (जैसे सरकारी वेबसाइट, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ आदि)।

एक बार में सभी सामग्रियों को साझा न करें। आवश्यकता के अनुसार और केवल अपने दर्शकों के लिए प्रासंगिक जानकारी साझा करें।

आईईसी सामग्री प्रदर्शित करें

उन स्थानों पर पोस्टर चिपकाएं, जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है (जैसे पंचायत कार्यालय, बस स्टॉप, दूध संग्रहण क्षेत्र, स्कूल आदि)

प्रवासियों की देख-रेख

कोविड -19 से संबंधित मौजूदा संकट के कारण, कई श्रमिक गांवों और कस्बों में अपने घरों को लौट रहे हैं। यदि कोई प्रवासी हाल ही में आपके समुदाय या गाँव में लौटा है, तो कृपया उन्हें घर पर स्व-संगरोध या अपने स्थान पर 14 दिनों तक रहने के लिए कहें। उन्हें उन सभी सावधानियों के बारे में बताएं जो उन्हें कोविड -19 से खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए लेनी चाहिए। यदि उन्हें दैनिक आवश्यकताओं में किसी भी सहायता की आवश्यकता है तो उनकी सहायता करें।

आंखों के स्तर पर पोस्टर चिपकाएं (अधिकतम 5 फीट पर) ताकि इसे लोग आसानी से पढ़ सकें

पत्रक / हैण्डआउट वितरित करें

- कोविड -19 पर कोई भी हैण्डआउट, जैसे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न या कोई विवरणिका हो, उसे संबंधित लोगों को जल्द से जल्द वितरित करने की आवश्यकता है।
- सुनिश्चित करें कि आपके हाथ साफ़-सुथरे ढंग से धोने के बाद ही पत्रक / हैण्डआउट को बांटा जाएं।
- यदि आपके आस-पास के पंचायत कार्यालय, स्कूल, अस्पताल जैसे स्थानों पर पर्याप्त पत्रकों के पन्ने हैं, तो लोग उन्हें घर ले जा सकते हैं और पढ़ सकते हैं।

विश्वसनीय और समय पर जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित स्रोतों का उपयोग करें

भारत सरकार (mygov.in)
यूनिसेफ (https://www.unicef.org/coronavirus)
डब्ल्यूएचओ (www.who.int)



NIRDPR | CRU COMMUNICATION RESOURCE UNIT — A JOINT INITIATIVE OF NIRDPR & UNICEF | World Health Organization India | unicef for every child